आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

# दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 333 | उज्जैन, शुक्रवार 24 अक्टूबर 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## कार्य पद्धति को बेहतर बनाने के लिए करें नवाचार-मुख्यमंत्री

### समाधान ऑनलाइन में मुख्यमंत्री ने लंबित प्रकरणों का समाधान करवाया



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कार्य पद्धति को बेहतर बनाकर नए प्रयोगों और नवाचारों के माध्यम से नागरिकों के कार्य समय पर और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे करने के प्रयास किए जाएं। सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत जिन जिलों अथवा क्षेत्रों में न्यूनतम शिकायतें होंगी, उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा। जिन क्षेत्रों में शिकायतें शून्य स्थिति में हैं उन्हें पुरस्कृत भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अपने कार्यों से अधिकारी-कर्मचारी सुशासन स्थापित करें। समाधान ऑनलाइन समीक्षा में प्रकरणों में कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले 3 कर्मियों को निलंबित करने के साथ ही 19 अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 5 शासकीय सेवकों की वेतन वृद्धि रोकने, 6 को कारण बताओ नोटिस देने, 7 प्रकरण में अनुशासनात्मक कार्यवाही और एक प्रकरण में दोषी कर्मचारी के विरुद्ध विभागीय जांच की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

अच्छे कार्य करने वालों की सराहना मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास से वीसी द्वारा समाधान ऑनलाइन के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न जिलों में नागरिकों के लंबित प्रकरणों के समाधान की कार्यवाही करवाई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि आम लोगों के हित में प्रशासनिक अमला दक्षता से कार्य करे। बीते महीनों में हुए श्रेष्ठ कार्यों के लिए जिला स्तर पर रायसेन एवं दतिया जिले और विभाग स्तर पर ऊर्जा विभाग प्रथम स्थान पर रहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चार अधिकारियों श्री के.के. दुबे उपनिरीक्षक थाना रावतपुरा जिला भिंड, श्री वेंकटेश नेरकर कनिष्ठ अभियंता ऊर्जा मंडला, डॉ नंदिता निगम, विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी धार और श्री कमलेश शुक्ला, सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग सतना को सितम्बर माह में सीएम हेल्पलाइन में मिली शिकायतों के शत-प्रतिशत निराकरण के लिए उच्च प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

## तकनीकी खराबी के चलते दिल्ली से पटना जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट को वापस लौटना पड़ा




नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली से पटना जा रही एक स्पाइसजेट के विमान को वापस दिल्ली लौटना पड़ा। बताया जा रहा है कि विमान में तकनीकी दिक्कत आने के बाद ये फैसला लिया गया।

स्पाइसजेट के आधिकारिक बयान के अनुसार, फ्लाइट स्त 497, जो बोइंग 737 ने दिल्ली एयरपोर्ट पर नॉर्मल लैंडिंग की और सभी पैसेंजर सुरक्षित रूप से उतर गए। हालांकि, एयरलाइन ने प्लेन में सवार पैसेंजर की संख्या के बारे में जानकारी सार्वजनिक नहीं की है।

टेकऑफ के बाद वापस दिल्ली लौटा विमान- बता दें कि दिल्ली से पटना जाने वाली स्वाइसजेट की फ्लाइट गुरवार सुबह टेकऑफ के तुरंत बाद तकनीकी दिक्कत के कारण दिल्ली लौट आया। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि 23 अक्टूबर को, दिल्ली से पटना जाने वाली स्पाइसजेट की फ्लाइट स्त 497 तकनीकी दिक्कत के कारण टेक-ऑफ के बाद वापस दिल्ली लौट आई।

कंपनी ने कहा कि विमान ने सामान्य तरीके से दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंडिंग की। वहीं, विमान में सवार सभी पैसेंजर्स को सुरक्षित रूप से उतार लिया गया। पैसेंजर्स को ले जाने के लिए एक दूसरा एयरक्राफ्ट अरेंज किया गया, जो अब पटना के रास्ते में है।

## इंडियन आर्मी को मिलेगी नई ताकत, तैयार हो रही 20 भैरव बटालियन, दुश्मनों की उड़ेगी नींद



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय सेना अगले छह महीनों के भीतर 20 भैरव बटालियन तैयार कर रही है। पांच भैरव लाइट कमांडो पहले से ही भारतीय सेना में तैनात हैं। जो देश के अलग-अलग हिस्सों में एक्टिव हैं। इन्फैंट्री के डायरेक्टर जनरल लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार ने बताया कि इन पांच बटालियनों के अलावा करीब चार और तैयार हैं, जबकि बाकी 16 अगले छह महीने के भीतर तैयार हो सक्रिय हो जाएंगी।

दरअसल, भैरव बटालियन का काम सेना पारंपरिक बल और विशेष बल के बीच का फासला भरने का है। ये हल्के और घातक कमांडो बटालियनें हैं। जिसे चीन और पाकिस्तान की सीमाओं पर तेज गति से ऑपरेशन के लिए तैयार किया गया है।

कहां कहां तैनात है भैरव बटालियन- जानकारी के अनुसार, एक भैरव बटालियन में 250 सैनिक होते हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों में जारी हैं। इसमें नमें एक लेह, एक श्रीनगर और एक नगरोटा में है। बाकी दो बटालियन वेस्टर्न और ईस्टर्न बॉर्डर के रेगिस्तानी और पहाड़ी इलाकों में तैनात हैं।

## IT Rules को लेकर सरकार सख्त, अब ऑनलाइन कंटेंट हटाना होगा आसान; कंपनियां नहीं कर सकेंगी मनमानी




नई दिल्ली (एजेंसी)। सोशल मीडिया गाइडलाइंस को लेकर एलन मस्क की कंपनी एक्स के साथ कानूनी लड़ाई के बाद केंद्र सरकार ने पारदर्शिता, जावाबदेही और सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के लिए सूचना प्रौद्योगिरी कानून में महत्वपूर्ण संशोधन किए हैं।

इन संशोधनों में एक, अवैध जानकारी को हटाने के आदेश जारी करने वाले अधिकारियों की संख्या को सीमित करता है। अन्य प्रमुख बदलाव यह है कि अधिकारियों को ऐसे निर्देश जारी करते समय कानूनी आधार और वैधानिक प्रावधान और अवैध कृत्य को स्पष्ट रूप से बताना होगा।

सरकार की ओर से कानून में यह बदलाव कर्नाटक हाईकोर्ट द्वारा X कॉर्प की उस याचिका को खारिज करने के एक महीने बाद आया है जिसमें सरकारी अधिकारियों के इंफॉर्मेशन ब्लॉकिंग ऑर्डर जारी करने के अधिकार को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा, सोशल मीडिया को रेगूलेट करने की आवश्यकता है, और इसका रेगुलेशन अनिवार्य है, खासकर महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामलों में, ऐसा न करने पर संविधान में प्रदत्त नागरिक के सम्मान के अधिकार का हनन होता है। बुधवार देर रात, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 में संशोधनों को नोटिफाई किया। मंत्रालय ने कहा, ÷ये संशोधन सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत मध्यस्थों के उचित परिश्रम संबंधी दायित्वों के ढांचे को मजबूत करते हैं। मंत्रालय ने कहा कि समीक्षा में सीनियर लेवल की जवाबदेही सुनिश्चित करने, गैरकानूनी सामग्री की सटीक पहचान करने और हायर लेवल पर सरकारी निर्देशों की समीक्षा के लिए अतिरिक्त सुरक्षा उपायों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया है।

## मैं रूस के लिए नहीं लड़ना चाहता...., यूक्रेन युद्ध में फंसा हैदराबाद का युवक




नई दिल्ली (एजेंसी)। तेलंगाना की रहने वाली अफशा बेगम ने दावा किया है कि उनके पति रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच में फंस गए हैं। अफशा बेगम का दावा है कि उनके पति मोहम्मद अहमद इसी साल अप्रैल में तेलंगाना से रूस गए थे। उन्हें कंस्ट्रक्शन सेक्टर में नौकरी मिलने की उम्मीद थी।

हालांकि, रूस पहुंचने के कुछ दिन बाद ही वह खुद को रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में फंसा हुआ पाए। बताया जाता है कि उनके जॉब एजेंट ने उन्हें धोखा दिया और उन्हें फ्रंटलाइन पर लड़ने के लिए मजबूर किया। हाल में ही अफशा बेगम ने विदेश मंत्रालय से 37 साल के अहमद को बचाने में मदद करने की अपील की है। अफशा बेगम ने दावा किया है कि उन्हें रूस में फंसाया गया है और उन्हें कॉम्बैट ट्रेनिंग के लिए मजबूर किया गया है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर को लिखे एक लेटर में अहमद की पत्नी ने कहा कि मुंबई की एक कंसल्टेंसी फर्म ने उनके पति को रूस में एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में नौकरी का ऑफर दिया था। उन्होंने कहा कि उनके एग्रीमेंट के अनुसार, अहमद अप्रैल 2025 में भारत छोड़कर रूस पहुंच गए थे।

पति अफशा बेगम का दावा है कि उनके पति को करीब एक महीने तक बिना काम के बैठाया गया और बाद में, 30 अन्य लोगों के साथ, उन्हें एक दूरदराज के इलाके में भेज दिया गया और जबरदस्ती हथियार चलाने की ट्रेनिंग दी गई। अफशा का दावा है कि ट्रेनिंग के बाद 26 लोगों को यूक्रेन आर्मी से लड़ने के लिए बॉर्डर एरिया में ले जाया गया।

## मुंबई के JMS बिजनेस सेंटर में लगी आग, दमकल की कई गाड़ियां मौके पर मौजूद



नई दिल्ली (एजेंसी)। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के JMS बिजनेस सेंटर में आग लगने की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार, जोगेश्वरी वेस्ट में बनी इस बहुमंजिला इमारत में आग लगने के बाद अफरातफरी का माहौल बन गया। घटना की जानकारी होते ही मौके पर दमकल की गाड़ियां पहुंची और दमकलकर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश में लग गए। बताया जा रहा है कि आग इमारत की ऊपर वाले फ्लोर पर लगी है। इस हादसे में किसी के हताहत होने की कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

## ASEAN शिखर सम्मेलन में शामिल होने मलेशिया नहीं जाएंगे पीएम मोदी, मलेशियाई प्रधानमंत्री ने बता दी वजह



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मलेशिया में होने वाले 47वें ASEAN शिखर सम्मेलन में व्यक्तिगत रूप से शामिल नहीं होंगे। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने गुरुवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मोदी दीपावली उत्सव के कारण इस सम्मेलन में वर्चुअल रूप से हिस्सा लेंगे।

यह सम्मेलन 26 से 28 अक्टूबर तक कुआलालंपुर में आयोजित होगा। अनवर ने यह भी कहा कि भारत और मलेशिया के बीच संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा हुई है। पीएम मोदी ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर इस बात की पुष्टि की। उन्होंने अनवर इब्राहिम को मलेशिया की ASEAN अध्यक्षता के लिए बधाई दी और सम्मेलन की सफलता की कामना की। पीएम मोदी ने कहा, मैं ASEAN -भारत शिखर सम्मेलन में वर्चुअल रूप से शामिल होने और ASEAN -भारत व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के लिए उत्सुक हूं।

भारत-मलेशिया संबंधों को नई ऊंचाई देने की तैयारी- अनवर इब्राहिम ने बताया कि उन्होंने हाल ही में मोदी के एक सहयोगी से फोन पर बात की। इस बातचीत में दोनों देशों के बीच रणनीतिक और व्यापक संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया गया। भारत मलेशिया के लिए व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण साझेदार है। अनवर ने कहा कि मलेशिया भारत के साथ द्विपक्षीय और क्षेत्रीय सहयोग को और बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने यह भी जोड़ा कि मलेशिया ASEAN -भारत सहयोग को मजबूत करने के लिए काम करेगा ताकि क्षेत्र में शांति और समृद्धि बढ़े। इस सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सहित कई देशों के नेता भी शामिल होंगे। ये ASEAN के संवाद साझेदार हैं। ट्रंप 26 अक्टूबर को दो दिन की यात्रा पर कुआलालंपुर पहुंचेंगे।

कांग्रेस ने कसा तंज, ट्रंप से मुलाकात से बचने का आरोप- कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने मोदी के इस फैसले पर तंज कसते हुए दावा किया कि पीएम मोदी डोनल्ड ट्रंप से व्यक्तिगत मुलाकात से बचना चाहते हैं।

रमेश ने X पर लिखा कि ट्रंप ने कई बार दावा किया है कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर रोका और भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद करने का वादा किया है। उनके मुताबिक, ट्रंप के साथ व्यक्तिगत मुलाकात मोदी के लिए जोखिम भरी हो सकती है।

# अमेरिका में ट्रक हादसे में तीन लोगों की मौत, भारतीय ड्राइवर गिरफ्तार





नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया में एक भीषण ट्रक दुर्घटना ने तीन लोगों की जान ले ली। इस हादसे का जिम्मेदार 21 वर्षीय भारतीय युवक जश्नप्रीत सिंह को ठहराया गया है। इसे अमेरिका में अवैध प्रवासी बताया जा रहा है। जश्नप्रीत पर नशे में वाहन चलाने और लापरवाही से तीन लोगों की मौत का आरोप है। उसने अपनी ट्रक को सैन बर्नार्डिनो काउंटी के फ्रीवे पर धीमी गति से चल रहे ट्रैफिक में जोरदार टक्कर मार दी।

पुलिस के मुताबिक, जश्नप्रीत ने टक्कर से पहले ब्रेक नहीं लगाया और वह नशे की हालत में था। टॉक्सिकोलॉजी टेस्ट में उसके नशे में होने की पुष्टि हुई। हादसे में जश्नप्रीत और एक मैकेनिक घायल हुए। वह एक वाहन के टायर बदलने में मदद कर रहा था। मृतकों की पहचान अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। पहले भी हिरासत में लिया चुका है जश्नप्रीत सिंह 2022 में अमेरिका-मेक्सिको सीमा पार कर कैलिफोर्निया के एल सेंट्रो सेक्टर में दाखिल हुआ था। उस समय उसे बॉर्डर पेट्रोल ने पकड़ा, लेकिन बाइडेन प्रशासन की ÷हिरासत के विकल्प÷ नीति के तहत उसे रिहा कर दिया गया। अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने पुष्टि की कि जश्नप्रीत का अमेरिका में कोई वैध प्रवास स्टेटस नहीं है। हादसे के बाद, यूएस इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट ने उसके खिलाफ इमिग्रेशन डिटेनर जारी किया है।

हादसे की पूरी घटना जश्नप्रीत के ट्रक के डैशकैम में कैद हो गई, जिसमें उसकी ट्रक एक स्कू से टकराती दिख रही है। पुलिस अधिकारी रोड्रिगो जिमेनेज ने बताया कि जश्नप्रीत को अस्पताल ले जाया गया। वहां जांच में उसके नशे में होने का की बात सामने आई।

### *पहले भी हो चुके हैं ऐसे हादसे*

यह कोई पहला मामला नहीं है। हाल ही में अगस्त में, एक अन्य भारतीय अवैध प्रवासी हरजिंदर सिंह पर फ्लोरिडा के फोर्ट पियर्स में ट्रक दुर्घटना के कारण तीन लोगों की मौत का आरोप लगा था। हरजिंदर 2018 में अवैध रूप से अमेरिका में दाखिल हुआ था और उसने कैलिफोर्निया से कमर्शियल ड्राइवर लाइसेंस हासिल किया था। इन घटनाओं ने अमेरिका में अवैध प्रवासियों द्वारा ट्रक ड्राइविंग और सड़क सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े किए हैं। जश्नप्रीत के मामले में जांच जारी है, और उसे गंभीर वाहन हत्या के आरोपों का सामना करना पड़ रहा है।

# पाकिस्तानः बलूचिस्तान में हमले में तीन सुरक्षाकर्मियों की मौत, 11 आतंकवादी भी मारे गए

नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में पिछले 24 घंटों में अलग-अलग घटनाओं में दो पुलिसकर्मियों समेत तीन सुरक्षाकर्मी और 11 आतंकवादी मारे गए। बताया जा रहा है कि नोशकी में गश्त के दौरान दो पुलिसकर्मियों को अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी।

पुलिस के अनुसार, गोलीबारी के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि वहीं एक अन्य घटना



में केच इलाके में एक बारूदी सुरंग फटने से एक सुरक्षा अधिकारी की मौत हो गई।

11 आतंकियों को भी मार गिराया गया- सुरक्षा बलों ने चगाई और सिबी जिलों में खुफिया जानकारी के आधार पर ऑपरेशन शुरू किए। इस ऑपरेशन में भारी गोलीबारी के दौरान 11 संदिग्ध आतंकवादी मारे गए।

अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सैनिकों ने चगाई के दलबंदिन में एक पहाड़ी इलाके को घेर लिया। संदिग्धों ने गोलीबारी शुरू कर दी। सिबी में एंटी-टेररिज्म डिपार्टमेंट ने एक कंपाउंड पर छापा मारा, जहां एक बैन संगठन के सदस्य छिपे हुए थे। थोड़ी देर की फायपरिंग के बाद पांच आतंकवादी मारे गए और तीन अन्य को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि दोनों जगहों से भारी मात्रा में हथियार बरामद किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि मारे गए लोग पहले भी सुरक्षा बलों, पुलिस और लेवी के जवानों पर हुए हमलों में शामिल थे। उन्होंने बताया कि सभी शवों को पहचान के लिए पास के अस्पतालों में भेज दिया गया है।

## अमेजन में 6 लाख लोगों की नौकरी खत्म करेंगे रोबोट, रिपोर्ट में हुआ खुलासा





नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका की दूसरी सबसे बड़ी नियोक्ता कंपनी अमेजन अपनी लगभग छह लाख नौकरियों के स्थान पर रोबोट का इस्तेमाल करने जा रही है।

यह वही कंपनी है जिसने पिछले दो दशक में लाखों गोदाम कर्मचारियों को नियुक्त किया है, अनुबंधित ड्राइवरों की फौज बनाई है और कर्मचारियों की नियुक्ति, निगरानी एवं प्रबंधन के लिए तकनीक का इस्तेमाल करने में अग्रणी भूमिका निभाई है।

अमेजन में बड़े बदलाव की तैयारी- विभिन्न लोगों से बातचीत और कंपनी के आंतरिक रणनीतिक दस्तावेजों को देखने से पता चला है कि अमेजन के अधिकारी मानते हैं कि कंपनी के कार्यस्थल पर अब बड़े बदलाव की आवश्यकता है और वह है कर्मचारियों के स्थान पर रोबोट का इस्तेमाल।

क्या है कंपनी का प्लान- वर्ष 2018 से अमेजन के अमेरिकी कर्मचारियों की संख्या तीन गुना से ज्यादा बढ़कर लगभग 12 लाख हो गई है। लेकिन अमेजन की आटोमेशन टीम को उम्मीद है कि कंपनी 2027 तक अमेरिका में 1,60,000 से अधिक लोगों को नियुक्त करने से बच सकती है, जिनकी उसे जरूरत होगी।

## फ्रांस में फिल्मी स्टाइल में चोरी, म्यूजियम से 800 करोड़ के गहने गायब; क्यों अहम हैं ये आभूषण?



नई दिल्ली (एजेंसी)। पेरिस के विश्व प्रसिद्ध लूव्र संग्रहालय में दिन-दहाड़े हुई एक सनसनीखेज चोरी ने फ्रांस को झकझोर कर रख दिया। महज चार मिनट में चोर 102 मिलियन डॉलर के अनमोल शाही आभूषण को लेकर नौ दो ग्यारह हो गए। ये आभूषण फ्रांस के गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है।

नीलम, पन्ना और हीरे से जड़े ये आभूषण अब शायद कभी न मिलें, क्योंकि विशेषज्ञों का मानना है कि चोर इन्हें तोड़कर गुपचुप तरीके से बेच सकते हैं। यह चोरी महज एक आर्थिक नुकसान नहीं है, बल्कि फ्रांस की सांस्कृतिक धरोहर पर गहरा आघात है।

क्या है आभूषण की खासियत- चोरी में 19वीं सदी के आठ बेशकीमती आभूषण गायब हुए। इनमें पन्ना और हीरे की माला, दो ताज, दो ब्रोच, एक नीलम की माला और एक झुमका शामिल हैं। ये आभूषण फ्रांस के शाही परिवार की शान थे। 1887 में जब सरकार ने शाही रत्नों की नीलामी की तब इन आभूषणों को खास तौर से बचाया गया था, क्योंकि ये फ्रांस की सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा थे। यह चोरी रविवार सुबह 9-34 बजे हुई, जब दो लोग पीले जैकेट पहनकर लूव्र की अपोलो गैलरी में घुसे और चार मिनट में कीमती आभूषण चुराकर मोटरबाइक पर फरार हो गए।

# इनामी तालिबानी कमांडर का आसिम मुनीर को खुला चैलेंज, कहा- अगर मर्द हो तो...




नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने खुली धमकी दी है। TTP ने हाल ही में कई वीडियो जारी किए हैं। इनमें उनका एक शीर्ष कमांडर असीम मुनीर को ललकारता नजर आ रहा है। कमांडर ने कहा है कि पाकिस्तानी सेना अपने सैनिकों को मौत के मुंह में भेजने के बजाय अपने शीर्ष अधिकारियों को युद्ध के मैदान में उतारे। यह धमकी ऐसे समय में आई है, जब TTP के हमलों ने पाकिस्तान की सुरक्षा व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर कर दिया है।

8 अक्टूबर को खैबर पख्तूनख्वा के कुर्रम इलाके में TTP ने एक घात लगाकर हमला किया, जिसमें उनके दावे के मुताबिक 22 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। वीडियो में हमले की फुटेज, लूटी गई गोलियां और वाहन भी दिखाए गए हैं। हालांकि, पाकिस्तानी सेना ने इस हमले में केवल 11 सैनिकों के मारे जाने की पुष्टि की है। TTP के एक वरिष्ठ कमांडर ने वीडियो में सीधे आसिम मुनीर को चुनौती दी। काजिम ने कहा, अगर तुम मर्द हो तो सामने आकर लड़ो।

उन्होंने तंज कसते हुए यह भी कहा, अगर तुमने मां का दूध पिया है, तो हमसे मुकाबला करो। इस धमकी के बाद 21 अक्टूबर को पाकिस्तानी अधिकारियों ने काजिम की गिरफ्तारी के लिए 10 करोड़ पाकिस्तानी रुपये के इनाम की घोषणा की। TTP के वीडियो से पाकिस्तान में हड़कंप मच गया है। जानकारों का मानना है कि इन वीडियो और हमलों का मकसद न केवल सेना का मनोबल तोड़ना है, बल्कि आम जनता में डर पैदा करना भी है। कुर्रम हमले ने यह साफ कर दिया कि TTP अब पहले से कहीं अधिक संगठित और आक्रामक हो गया है।

# पत्नी का नाम मोटी सेव किया तो कोर्ट पहुंचा मामला, अब पति को देना होगा भारी जुर्माना



नई दिल्ली (एजेंसी)। पति पत्नी के बीच उपनाम यानी निकनेम रखना एक आम बात है। हालांकि, कई बार ये उपनाम रिश्तों को नुकसान पहुंचा देते हैं। कुछ ऐसा ही मामला तुर्किए से सामने आया है। यहां पर एक व्यक्ति को अपनी पत्नी का नाम अपने फोन में मोटी सेव करना महंगा पड़ गया।

दरअसल, तुर्किए में पति के फोन में उसकी पत्नी का नाम मोटी के नाम से सेव था, जो दोनों के बीच विवाद का कारण बना। कोर्ट ऑफ कैसेशन ने फैसला सुनाया कि महिला को टॉमबेक के नाम से सेव होने के लिए मुआवजा दिया जाना चाहिए। बता दें कि तुर्किए में टॉमबेक का मतलब चबी होता है।

बताया जा रहा है कि तुर्किए की एक कोर्ट ने एक व्यक्ति को अपनी एक्स-वाइफ को मटेरियल और मोरल डैमेज दोनों के लिए हर्जाना देने का निर्देश दिया है। पति के फोन में उसकी एक्स वाइफ का नाम चबी के नाम से सेव था, जो एक अपमान का सूचक है।

कहा जा रहा है कि ये निकनेम उस समय सामने आया, जब कपल तलार के केस से गुजर रहा था। महिला ने दावा किया कि यह अपमानजनक निकनेम उसको पसंद नहीं है। महिला ने दावा किया कि यह अपमानजनक निकनेम उनके शादीशुदा रिश्ते को नीचा दिखाने वाला और नुकसान पहुंचाने वाला था।

तुर्किए के एक समाचार पोर्टल के अनुसार, कोर्ट ने उसाक शहर में एक तलाक के केस में पति को अपनी पत्नी को चबी के तौर पर रजिस्टर करने का दोषी पाया और उसे अपनी पूर्व पत्नी को मुआवजा देने का आदेश दिया।

# उत्तर कोरिया बन गया साइबर अटैक का उस्ताद! क्रिप्टो करेंसी में सेंध मारकर उड़ाए अरबों रुपये



नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर कोरिया के हैकर्स ने क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंजों में सेंधमारी और विदेशी कंपनियों में नकली पहचान बनाकर रिमोट टेक नौकरियां हासिल कर अरबों डॉलर की लूट की है।

एक अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट के अनुसार, यह सब उत्तर कोरिया सरकार ने अपने परमाणु हथियारों के अनुसंधान और विकास को फंड देने के लिए किया। यह 138 पेज की रिपोर्ट मल्टीलेटरल सैंक्शंस मॉनिटरिंग टीम ने जारी की है। इसमें अमेरिका और 10 अन्य सहयोगी देश शामिल हैं। यह टीम उत्तर कोरिया के संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों के पालन की निगरानी के लिए बनाई गई थी।

रिपोर्ट में बताया गया कि उत्तर कोरिया ने क्रिप्टोकरेंसी का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग और सैन्य खरीद के लिए किया, ताकि परमाणु कार्यक्रम से जुड़े अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों को चकमा दे सके। इसके हैकर्स ने विदेशी कंपनियों और संगठनों को निशाना बनाया, मैलवेयर के जरिए उनके नेटवर्क को बाधित किया और संवेदनशील डेटा चुराया।

उत्तर कोरिया को हैकिंग में महारत- छोटा और अलग-थलग देश होने के बावजूद उत्तर कोरिया ने साइबर हमलों में भारी निवेश किया है। अब उसकी हैकिंग क्षमता चीन और रूस जैसी ताकतवर देशों के बराबर है। यह विदेशी सरकारों, व्यवसायों और व्यक्तियों के लिए बड़ा खतरा बन गया है। अन्य देशों जैसे चीन, रूस और ईरान से अलग, उत्तर कोरिया अपनी साइबर ताकत का इस्तेमाल मुख्य रूप से अपनी सरकार को फंड देने के लिए करता है।

# फ्लाइट में बैन होगा पावर बैंक? आग लगने की घटनाओं के बाद DGCA कर रहा विचार



नई दिल्ली (एजेंसी)। इंडिगो की एक फ्लाइट में उड़ान के दौरान आग लगने के बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय देशभर में फ्लाइट में पावर बैंकों के इस्तेमाल पर बैन करने पर विचार कर रहा है। यह कदम लिथियम बैटरी से चलने वाले उपकरणों को लेकर बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के बीच उठाया गया है।

रविवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयर पोर्ट से दीमापुर जाने वाली इंडिगो की एक फ्लाइट के उड़ान भरने के दौरान एक यात्री के पावर बैंक में आग लग गई थी। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ और क्योंकि केबिन क्रू ने आग को तुरंत बुझा दिया। डीजीसीए ने उड़ानों में यात्रियों और एयरलाइनों, दोनों द्वारा पावर बैंकों के इस्तेमाल की व्यापक समीक्षा शुरू की है। इस समीक्षा के बाद फ्लाइट में पावर बैंकों के इस्तेमाल पर बैन या जोखिमों को प्रभावी ढंग से कम नहीं किया जा सका तो उन्हें ले जाने पर पूरी तरह से रोक भी लग सकती है।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय को भी इस बारे में जानकारी दे दी गई है और दोनों एजेंसियां अब नए सुरक्षा उपाय तय करने के लिए मिलकर काम कर रही हैं।

आग लगने से नहीं हुआ कोई नुकसान- इंडिगो एयरलाइंस ने पुष्टि की है कि दिल्ली से नागालैंड के दीमापुर जा रही उड़ान 6श्व 2107, सीट की पिछली जेब में रखे एक यात्री के पर्सनल इलेक्ट्रॉनिक सामान से लगी मामूली आग के कारण टैक्सी करने के तुरंत बाद ही वापस बे में लौट आई।

एयरलाइन ने एक बयान में कहा, क्रू मेंबर ने स्टेंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर का पालन करते हुए स्थिति को तुरंत संभाला और घटना पर कुछ ही सेकंड में काबू पा लिया गया।

# कोलकाता में प्रिंटिंग प्रेस में लगी भीषण आग, धुआं धुआं हुआ पूरा इलाका



नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर कोलकाता के अम्हर्स्ट स्ट्रीट इलाके में स्थित एक प्रिंटिंग प्रेस में गुरुवार सुबह भीषण आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल की सात गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मी आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। आग लगने से पूरे इलाके में धुआं भर गया था, जिससे लोगों में दहशत फैल गई।

जानकारी के अनुसार, स्थानीय लोगों ने सुबह प्रिंटिंग प्रेस से धुआं निकलते देखा। इसके बाद दमकल विभाग और पुलिस को तुरंत सूचित किया गया। भीड़भाड़ वाला इलाका होने के कारण दमकलकर्मियों को आग बुझाने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

पूरे इलाके में धुआं फैल गया है। अभी तक आग लगने के सही कारणों का पता नहीं चल पाया है। दमकल विभाग की शुरूआती जांच में शार्ट सर्किट के कारण आग लगने की बात कही जा रही है। दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि हम आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं। बहुत ज्यादा धुआं दमकलकर्मियों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है।

# लोकपाल विवाद के बीच अमिताभ कांत ने खरीदी महिंद्रा की EV कार




नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकपाल अपने सदस्यों के लिए 7 बीएमडब्लूय कार खरीदने का टेंडर निकाला है। इस टेंडर के सामने आने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। देश में बढ़ते विवाद के बीच नीति आयोग के पूर्व CEO अमिताभ कांत ने घोषणा की है कि उन्होंने इलेक्ट्रिक गाड़ी ले ली है। उन्होंने कहा कि जो लोग भी BMW खरीदना चाहते हैं, उन्हें एक बार मेक इन इंडिया EV का अनुभव जरूर लेना चाहिए।

दरअसल, अमिताभ कांत ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मैंने अभी-अभी महिंद्रा XEV9 ली है, जो जन्मजात इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को अपनाती है। इसमें बहुत ही इनोवेटिव डिजाइन, एडवांस्ड EV टेक्नोलॉजी और शानदार ड्राइविंग परफॉर्मेंस है। बता दें कि अमिताभ कांत ने अपनी नई कार के साथ कुछ तस्वीरें भी साझा कीं।

क्या बोले अमिताभ कांत- नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने पोस्ट में लिखा कि #MakeInIndia इनोवेशन और मैन्युफैक्चरिंग को सपोर्ट करते हुए ग्रीन भविष्य की ओर भारत के सफर में योगदान देकर खुशी हो रही है। EVs की ओर बदलाव सिर्फ गाड़ियों के बारे में नहीं है, यह साफ हवा, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी और एक मजबूत घरेलू इंडस्ट्री के साथ भारत की तरक्की को पावर देने के बारे में है।

# किसान ने पाई-पाई जोड़कर जुटाए एक बोरी सिक्का, दीवाली पर बेटी को दिया ये तोहफा



नई दिल्ली (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में एक किसा दो पहिया खरीदने के लिए पिछले कई सालों से एक-एक पैसा जुटा रहा था। सोमवार 20 अक्टूबर को को दीपावली के एक दिन किसान अपने बेटी के साथ एक बोरी में सिक्के भर कर शो रूम पहुंच गया। उसने एक स्कूटी पसंद की और सिक्कों से भरी बोरी शो रूम के संचालक को थमा दिया।

पहले तो एक साथ इतने सारे सिक्के देख कर संचालक आनंद गुप्ता हतप्रभ रह गए। फिर उन्होनें अपने सहकर्मियों से सिक्कों की गिनती करा कर, स्कूटी डिलवरी की सारी कार्रवाई पूरी कर स्कूटी की चाबी सौंपी।

क्या बोले शो रूम के संचालक- अपने सपने का पूरा होते देख किसान की आंखों से आंसू छलक पड़े। शहर के शांति भवन चर्च के पास स्थित होंडा शो रूम के संचालक आनंद गुप्ता ने बताया कि जिले के मनोरा ब्लाक के केसरा गांव के रहवासी किसान बजरंग भगत (50 वर्ष) अपनी बेटी चंपा भगत (22 वर्ष) के साथ एक्टिवा लेने के लिए उनके शो रूम में आए थे। बजरंग भगत के हाथों में एक प्लास्टिक की बोरी थी। शो रूम के अंदर आ कर चंपा भगत ने एक स्कूटी खरीदने की इच्छा जताई।

दीपावली का त्यौहार होने के कारण शो रूम में भीड़-भाड़ थी। शो रूम के कर्मचारियों ने बजरंग भगत और चंपा को स्कूटी दिखाई। चंपा ने एक स्कूटी पसंद किया। जब पेमेंट की बात आई तो बजरंग भगत ने हाथ में पकड़े हुए बोरे को थमा दिया। कर्मचारियों ने जब उस बोरे में झांक कर देखा तो वह सिक्कों से भरा हुआ था। शो रूम के कर्मचारियों ने उन्हें मामले की जानकारी दी।

बजरंग भगत ने उन्हें बताया कि उसकी आमदनी कम होने की वजह से उसने दस रूपये के एक-एक सिक्के जोड़ कर 40,000 के सिक्के जमा किए थे। इसके साथ ही किसान ने स्कूटी की शेष कीमत नगदी में चुकाई।

# 18 साल का युवक प्रॉपर्टी खरीदने-बेचने के लिए स्वतंत्र, माता-पिता को दे सकता है चुनौती; सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने संपत्ति के अधिकार को लेकर एक अहम फैसला सुनाया है। फैसले के मुताबिक 18 साल की उम्र के बाद किशोर अपने माता-पिता या अभिभावक द्वारा किए गये संपत्ति की बिक्री या ट्रांसफर को बिना किसी मुकदमे के चुनौती दे सकता है। कोर्ट ने कहा कि वयस्क लोग स्वयं संपत्ति खरीदकर या उसे ट्रांसफर करके ऐसे हस्तांतरण को रद कर सकते हैं।

न्यायमूर्ति मिथल ने फैसला लिखते हुए कहा, नाबालिग के माता-पिता या अभिभावक द्वारा किए गए किसी शून्यकरणीय लेन-देन को नाबालिग द्वारा वयस्क होने पर अस्वीकार किया जा सकता है।

यह फैसला के. एस. शिवप्पा बनाम श्रीमती के. नीलाम्मा मामले में लिया गया है। मामला कर्नाटक के शामनूर गांव का है, जहां दो प्लॉटों को लेकर विवाद था। दरअसल ये प्लॉट रुद्रप्पा ने साल 1971 में अपने तीन नाबालिग बेटों के नाम पर खरीदा था।

रुद्रप्पा ने अदालत की अनुमति के बिना अपने प्लॉट बेच दिए थे। बेटों के वयस्क होने के बाद, उन्होंने प्लॉट एक अन्य व्यक्ति के. एस. शिवप्पा को बेच दिए। जिस तीसरे पक्षों ने पहले प्लॉट खरीदा था, उसने इस प्लॉट पर मालिकाना हक का दावा किया, जिससे विवाद पैदा हो गया।

निचली अदालतों में इस बात को लेकर बहस चल रही थी कि क्या नाबालिगों को मूल बिक्री को रद करने के लिए मुकदमा दायर करने की आवश्यकता है? इस पर सर्वोच्च न्यायालय ने साफ किया कि औपचारिक मुकदमे की आवश्यकता नहीं है।

वयस्क स्वयं संपत्ति बेचकर, अभिभावक की बिक्री को अस्वीकार कर सकते हैं। न्यायालय ने आगे कहा कि कभी-कभी नाबालिगों को मूल बिक्री के बारे में पता भी नहीं होता है कि संपत्ति अभी भी उनके कब्जे में हो सकती है, इसलिए मुकदमा दायर करना हमेशा आवश्यक नहीं होता है।

# बाड़मेर में पिता के अंतिम संस्कार के खर्चे पर विवाद, भाई ने भाई को कुल्हाड़ी से काटा




नई दिल्ली (एजेंसी)। राजस्थान के बाड़मेर से हत्या का सनसनीखेज मामला सामाने आया है। जहां पिता की मौत के बाद क्रिया-कर्म के पैसों को लेकर दो सगे भाईयों में विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों के बीच चल रही बहस आक्रामक हो गई और छोटे भाई ने कुल्हाड़ी से वार कर अपने बड़े भाई की हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

दरअसल, यह घटना बाड़मेर जिले के बीजराड़ इलाके में बुधवार देर रात 11 बजे की बताई जा रही है। यहां एक व्यक्ति ने अपने पिता के अंतिम संस्कार के खर्च को लेकर हुए विवाद के बाद अपने बड़े भाई की कुल्हाड़ी से कथित तौर पर हत्या कर दी। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

अंतिम संस्कार के पैसों को लेकर शुरू हुआ विवाद- इस घटना को लेकर एसएचओ मगाराम ने बताया कि यह घटना बुधवार देर रात बीजराड़ थाना क्षेत्र के नवतला गांव में हुई, जब 35 वर्षीय गणेश राम और उसके छोटे भाई 30 वर्षीय किशन राम के बीच अपने पिता के अंतिम संस्कार पर खर्च हुए पैसों को लेकर तीखी बहस हुई।एसएचओ ने बताया कि बहस बढ़ने पर किशन राम ने अपने बड़े भाई पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया और उसके सिर के पिछले हिस्से पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव- एसएचओ ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और सबूत जुटाने के लिए फोरेंसिक टीमों को मौके पर बुलाया गया है। आरोपी मौके से फरार है। एसएचओ ने बताया कि आरोपी का पता लगाने और उसे गिरफ्तार करने के लिए अलग-अलग टीमें तैनात की गई हैं।

पुलिस के अनुसार, किसान गणेश अपने छोटे भाई और बुजुर्ग मां के साथ रहता था। उनकी पत्नी का 2019 में निधन हो गया था और दंपति के कोई संतान नहीं थी।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal
हिन्दकुश
info@hindkush.in

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine
जागृयाम
info@jagrayam.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 शुक्ल तृतीया


## संपादकीय

# वैश्विक स्तरपर छठ पर्व भारत की उन प्राचीनतम और शुद्धतम परंपराओं में से एक है....



वैश्विक स्तरपर छठ पर्व भारत की उन प्राचीनतम और शुद्धतम परंपराओं में से एक है,जोआस्था श्रद्धा और आत्मसंयम की पराकाष्ठा को दर्शाती है। यह पर्व केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह जीवन की पवित्रता, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और पारिवारिक सुख-समृद्धि का अद्भुत संगम है। छठ महापर्व को सूर्य उपासना का सबसे पवित्र पर्व माना गया है। हिंदू धर्म में सूर्य देवता को जीवनदाता, स्वास्थ्य और ऊर्जा का स्रोत माना गया है। छठ पूजा में सूर्य भगवान और उनकी पत्नी उषा (प्रातःकालीन किरण) तथा प्रत्यूषा (सायंकालीन किरण) की पूजा की जाती है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि जीवन में आत्मसंयम, अनुशासन और प्रकृति के प्रति आभार का भाव ही सच्चा धर्म है। यह त्योहार बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और नेपाल के तराई क्षेत्रों में विशेष भव्यता के साथ मनाया जाता है, परंतु अब यह भारत की सीमाओं से परे अमेरिका, मॉरीशस, यूके, कनाडा, दुबई, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया तक एक वैश्विक सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। छठ महापर्व 2025 दिवाली के छह दिन बाद,अर्थात् 25 से 28 अक्टूबर 2025 के बीच मनाया जाएगा। हालांकि इस साल 2025 में भी दो दिन दिवाली मनाए जाने के बीच अब लोगों में छठ पूजा की तारीख को लेकर कन्फ्यूजन बना हुआ है,कई स्थानों पर 27 से 30 अक्टूबर को मनाए जाने की भी संभावना दिख रही है इन चार दिनों तक चलने वाले इस अनुष्ठान में स्नान, व्रत, उपवास, शुद्ध आहार, नदी या तालाब के किनारे सूर्योपासना और परिवार की मंगलकामना के साथ सच्चे आत्म-संयम का पालन किया जाता है।छठ महापर्व 2025 की तारीखें और पंचांग आधारित विवरण इस प्रकार है,छठ पूजा 2025 की शुरुआत 25 अक्टूबर को नहाय-खाय के साथ होगी और 28 अक्टूबर को उषा अर्घ्य देकर इसका समापन होगा।25 अक्टूबर 2025, नहाय खाय (पहला दिन), 26 अक्टूबर 2025- खरना या लोहंडा (दूसरा दिन), 27 अक्टूबर 2025-संध्या अर्घ्य (तीसरा दिन)28 अक्टूबर 2025-उषा अर्घ्य (चौथा दिन) यह चार दिन सूर्य पूजा की प्रक्रिया का क्रम है, जिसमें प्रत्येक चरण का आध्यात्मिक और वैज्ञानिक दोनों दृष्टियों से गहरा महत्व है। छठ महापर्व का सबसे बड़ा आकर्षण यह है कि इसमें न कोई मूर्ति होती है,न कोई पंडित और न ही कोई दिखावा, केवल शुद्ध मन, जल, सूर्य और श्रद्धा। यही इसकी सबसे बड़ी विशेषता है, जो इसे मानवता का सार्वभौमिक उत्सव बनाती है।

साथियों बात अगर हम,चार दिवसिया सूर्य पूजा की प्रक्रिया के क्रम को गहराई से समझने की करें तो, पहला दिन, नहाय- खाय-शुद्धता की शुरुआत छठ पर्व की शुरुआत नहाय-खाय से होती है। यह दिन पूर्ण शुद्धता और आत्मसंयम का आरंभिक चरण है। व्रती (जो पूजा करती हैं) सबसे पहले पवित्र नदी, तालाब या जलस्रोत में स्नान करती हैं। फिर घर लौटकर रसोई और पूरे घर की शुद्धता सुनिश्चित की जाती है। इस दिन का भोजन केवल एक बार ग्रहण किया जाता है,आमतौर पर लौकी-भात और चने की दाल का प्रसाद बनता है, जो मिट्टी के चूल्हे पर शुद्ध गंगाजल और आम की लकड़ी से तैयार किया जाता है।नहाय-खाय के माध्यम से शरीर और मन को पवित्र करने का संदेश मिलता है। यह व्रती को आने वाले 36 घंटे के निर्जला उपवास के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करता है। दूसरा दिन- खरना (लोहंडा) ~ आत्मसंयम और तपस्या का प्रतीक, छठ का दूसरा दिन खरना कहलाता है, जो व्रत की आत्मिक यात्रा का सबसे कठिन और पवित्र चरण है। इस दिन व्रती पूरे दिन निर्जला उपवास रखती हैं। सूर्यास्त के बाद मिट्टी के चूल्हे पर खीर (गुड़ और चावल से बनी), रोटी और केला का प्रसाद बनाया जाता है। यह प्रसाद पहले सूर्य देवता को अर्पित किया जाता है, फिर घर के सभी सदस्य एक साथ इसे ग्रहण करते हैं।खरना आत्मसंयम और समर्पण की परीक्षा है। इस दिन व्रती जल तक नहीं पीतीं।

# विश्व पोलियो दिवस



विश्व पोलियो दिवस प्रत्येक वर्ष 24 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिवस को मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य पोलियो जैसी बीमारी के विषय में लोगों में जागरूकता फैलाना है। पोलियो एक संक्रामक बीमारी है, जो पूरे शरीर को प्रभावित करती है। इस बीमारी का शिकार अधिकांशतः बच्चे होते हैं। पोलियो को पोलियोमाइलाइटिस या शिशु अंगघात भी कहा जाता है। यह ऐसी बीमारी है, जिससे कई राष्ट्र बुरी तरह से प्रभावित हो चुके हैं। हालांकि विश्व के अधिकतर देशों से पोलियो का खात्मा पूरी तरह से हो चुका है, लेकिन अभी भी विश्व के कई देशों से यह बीमारी जड़ से खत्म नहीं हो पायी है।

पोलियो क्या है- पोलियोमाइलाइटिस अथवा पोलियो एक संक्रामक रोग है, जो वायरस के द्वारा फैलता है। यह लक्षण सामान्य से तीव्र हो सकते हैं और इसमें आम तौर पर टांगों में लकवा हो जाता है। पोलियो का वायरस मुँह के रास्ते शरीर में प्रविष्ठ? होता है और आंतों को प्रभावित करता है। वायरय के शरीर में प्रवेश करने के कुछ ही घंटों बाद इससे पक्षाघात तक हो सकता है। ऐसा भी हो सकता है कि यह लक्षण तीन से पाँच दिनों में प्रदर्शित हों।

लक्षण- पोलियो की बीमारी में मरीज़ की स्थिति वायरस की तीव्रता पर निर्भर करती है। अधिकतर स्थितियों में पोलियो के लक्षण फ्लू जैसै ही होते हैं, लेकिन इसके कुछ सामान्य लक्षण इस प्रकार होते हैं-

पेट में दर्द होना
उल्टियाँ आना
गले में दर्द
सिर में तेज़ दर्द
तेज़ बुखार
खाना निगलने में कठिनाई होना

जटिल स्थितियों में हृदय की मांस-पेशियों में सूजन आ जाती है।

वैक्सीन का आविष्कार- प्रति वर्ष 24 अक्तूबर को विश्व पोलियो दिवस के रूप में मनाया जाता है, क्योंकि इसी महीने में जोनास सॉक का जन्म हुआ था। जोनास सॉक वर्ष 1955 में पहली पोलियो वैक्सीन का आविष्कार करने वाली टीम के प्रमुख थे। पोलियो रोधक दवा की कुछ बूंदे बच्चों को पिलाई जाती हैं। कई देशों में पोलियो से निजात दिलाने के लिए यह वैक्सीन बहुत महत्त्वपूर्ण साबित हुई है।

भारत में पोलियो की स्थिति- विश्व पोलियो दिवस का उद्देश्य पोलियो उन्मूलन के लिए किए जा रहे प्रयासों के प्रति लोगों को जागरूक बनाना है। भारत में पोलियो का अंतिम मामला जनवरी, 2011 में सामने आया था। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने वर्ष 2012 के प्रारम्भ में भारत को पोलियो ग्रसित देशों की सूची से हटा दिया, और वर्ष 2014 तक इस बीमारी का कोई नया मामला सामने नहीं आता है तो उसे आधिकारिक रूप से पोलियो मुक्त घोषित कर दिया जाएगा। दुनिया भर में वर्ष 2011 में पोलियो के 467 मामलों की तुलना में 24 अक्टूबर, 2012 तक केवल 170 मामले ही प्रकाश में आए हैं।

भारत में पोलियो के एकमात्र मामले की सूचना 13 जनवरी, 2011 को पश्चिम बंगाल के हावड़ा से प्राप्त हुई थी, जबकि 2010 में इसी अवधि के दौरान 39 मामले प्रकाश में आए थे। उत्तर प्रदेश (अप्रैल, 2010 के बाद) और बिहार (सितंबर, 2010 के बाद) से पहली बार पोलियो के किसी भी मामले की सूचना नहीं मिली है। एक वर्ष से टाइप-3 पोलियो का कोई भी मामला सामने नहीं आया है। पोलियो उन्मूलन के



सर्वाधिक नजदीक पहुँच चुके भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने पोलियो के किसी भी ताजा मामले को जन स्वास्थ्य आपात स्थिति के रूप में इलाज करने का निर्णय लिया है ताकि भारत में जल्द से जल्द पोलियो उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। सभी उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में बच्चों के भीतर प्रतिरोधक का निर्माण करने और पोलियो के किसी भी मामले के सामने आने पर तत्काल गहन टीकाकरण अभियान चलाने के लिए आपात तत्परता और प्रतिक्रिया योजना तैयार की गई है।

पोलियो मुक्ति हेतु योजनाएँ - स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक आपात तत्परता और प्रतिक्रिया योजना (ईपीआरपी) तैयार की है। भारत में सभी राज्य अपनी ईपीआरपी तैयार कर रहे हैं। इस योजना के हिस्से के रूप में त्वरित प्रतिक्रिया दल का गठन पहले ही किया जा चुका है और नियमित टीकाकरण को और अधिक विस्तृत करने हेतु कदम उठाने के लिए उच्च जोखिम वाले ज़िलों, ब्लॉकों, गांवों की पहचान की जा रही है। पोलियो को रोकने से संबंधित उपायों, जैसे- साफ-सफाई, हाथ धोने और जिंक तथा ओआरएस के इस्तेमाल के ज़रिए डायरिया प्रबंधन को भी मजबूत किया जा रहा है। हर बच्चा हर बार से लेकर मेरा बच्चा हर बार संदेश के साथ नवीन पोलियो टीकाकरण अभियान को दिशा दी गई है। सभी अभिभावकों को यह नवीन अभियान अपने बच्चे को पोलियो से बचाव के लिए प्रोत्साहित करता है।

घूमंतू बच्चों, जैसे- प्रवासी, खानाबदोश, निर्माण स्थलों और ईटों के भट्टों में काम करने वाले लोगों तथा होली, दीवाली और छठ जैसे त्योहारों पर अपने बच्चों के साथ अपने प्रांत लौटने वाले लोगों के बच्चों को पोलियो से बचाव के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे है । राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों और संस्थाओं द्वारा भारत की प्रगति और प्रयासों की सराहना की गई है। पोलियो उन्मूलन के लिए भारत में विशेषज्ञ सलाहकार समूह ने जुलाई में कार्यक्रम की समीक्षा की थी और इस बात का उल्लेख किया था कि पोलियो उन्मूलन की दिशा में भारत सही राह पर है। वैश्विक पोलियो उन्मूलन के अंतर्राष्ट्रीय निगरानी बोर्ड (आईएमबी) ने अपनी अक्टूबर की रिपोर्ट में कहा है कि 2011 में पोलियो के प्रसार को रोकने में भारत सही दिशा में कार्यरत है।

पोलियो जैसी ख़तरनाक बीमारी को पुनः प्रकट होने से रोकने के लिए हर साल भारत सरकार दो राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस आयोजित करती है। हर बार क़रीब 170 मिलियन बच्चों को प्रतिरक्षण दिया जाता है। स्वास्थ्य कार्यकर्ता भी घर-घर जाकर पता लगाते हैं कि क्या बच्चों को खुराक दी जा चुकी है। पोलियो के प्रति जागरुकता फैलाना भी काफ़ी महत्वपूर्ण है और यह वह अभियान है, जिसे जाने-माने लोगों द्वारा सक्रियतापूर्वक प्रचारित किया गया है, इन लोगों में बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन भी शामिल हैं, जिनका कथन दो बूँद जिन्दगी की काफ़ी प्रसिद्धि पा चुका है।

# लोगो बनाओ और जीतो 1 लाख रुपए, दिल्ली आने-जाने का फ्लाइट का किराया भी मिलेगा




नई दिल्ली (एजेंसी)। अगर आपके पास डिजाइनिंग का हुनर है और लोगो बनाना आपके लिए बाएं हाथ का खेल है तो यह खबर आपके लिए है। भारत सरकार का न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी मंत्रालय देशभर के क्रिएटिव लोगों को ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के लिए लोगो डिजाइन करने का न्योता दे रहा है। इस प्रतियोगिता को जीतने वाले को 1 लाख रुपए का इनाम और सर्टिफिकेट ऑफ रिकग्निशन भी दिया जाएगा। साथ ही, 10 रनर-अप्स को 5,000-5,000 रुपए का पुरस्कार मिलेगा। विजेता को दिल्ली आने-जाने के लिए फ्लाइट का किराया भी सरकार देगी।

कैसा लोगो बनवाना चाहती है सरकार- सरकार चाहती है कि लोगो ऐसा हो जो भारत की ग्रीन एनर्जी और आत्मनिर्भरता की महत्वाकांक्षा को दिखाए। लोगो में यह झलकना चाहिए कि भारत ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन, उपयोग और निर्यात का ग्लोबल हब बनने की दिशा में बढ़ रहा है। ग्रीन हाइड्रोजन का उपयोग स्टील, ट्रांसपोर्ट, फर्टिलाइजर, शिपिंग और पेट्रोकेमिकल जैसे कई सेक्टर में किया जा सकेगा, जिससे देश की जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता घटेगी और कार्बन उत्सर्जन कम होगा।

प्रतियोगिता में उम्र की कोई सीमा नहीं- एनर्जी मंत्रालय ने बताया कि यह मिशन भारत की अर्थव्यवस्था को डिकार्बोनाइज करने और नई टेक्नोलॉजी में लीडरशिप हासिल करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रतियोगिता में देश का कोई भी नागरिक, उम्र की परवाह किए बिना, हिस्सा ले सकता है।

लोगो मेकिंग में ध्यान रखनी होंगी ये बातें

लोगो को JPEG, PNG या PDF फॉर्मेट में में बनाना होगा।


साइज 15 सेमी × 20 सेमी तय किया गया है।

जूरी क्रिएटिविटी, ओरिजिनैलिटी, तकनीकी उत्कृष्टता और विजुअल इम्पैक्ट के आधार पर विजेता चुनेगी।

कब है लास्ट डेट, कैसे करें अप्लाई?

एंट्री भेजने की आखिरी तारीख 5 नवंबर 2025 है। इच्छुक प्रतिभागी अपनी डिजाइन सीधे स्ब4त्रश1.द्बठ्ठ वेबसाइट पर सबमिट कर सकते हैं। इसके लिए आपको नीचे दिए लिंक पर क्लिक करना होगा।

## अमेरिकी कंज्यूमर चखेंगे ट्रंप टैरिफ का स्वाद, भारतीय टायर कंपनी ने बनाया धांसू प्लान




नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगा रखा है। लेकिन अब भारत की टायर निर्माता कंपनी CEAT टायर अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ की काट निकालने के लिए एक नया प्लान बना रही है। कंपनी टैरिफ की वजह से टायर के दामों में होने वाले बढ़ोतरी का भार अमेरिका में अपने ग्राहकों पर डालने की योजना बना रही है। इस तरह, यह संभवतः पहली भारतीय ऑटो एंसिलरी कंपनी बन जाएगी जिसने राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप द्वारा टैरिफ वृद्धि की पूरी तरह से भरपाई करने के इरादे का संकेत दिया है। यानी भारत की टायर कंपनी ने कहीं न कहीं यह साफ कर दिया है कि आपके द्वारा लगाए गए टैरिफ का भुगतान आपकी जनता को ही करना पड़ेगा।

सिएट का अमेरिका को निर्यात मुख्यतः श्रीलंका में हाल ही में अधिग्रहित कैम्सो संयंत्रों से होता है, जबकि भारत में इसकी इकाइयों का निर्यात उसके कुल निर्यात का केवल 3त्न है। हर्ष गोयनका के नेतृत्व वाले आरपीजी समूह की इकाई, सिएट ने कहा कि वह टैरिफ वृद्धि के प्रभाव को ग्राहकों तक पूरी तरह से पहुंचाने की योजना बना रही है, हालांकि इसमें थोड़ा समय लग सकता है। मिंट की एक रिपोर्ट के अनुसार CEAT ने दिसंबर में फ्रांस स्थित मिशेलिन समूह से 22.5 करोड़ डॉलर (करीब 1,900 करोड़ यूरो) में खरीदा था। कैम्सो, जो सिएट का सबसे बड़ा अंतराष्ट्रीय अधिग्रहण है।

## क्यों दिए जाते हैं Halal Certification, पैकेट पर कहां होता है यह मार्क, कौन-सी कंपनियां देती हैं यह सर्टिफिकेट




नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हलाल सर्टिफिकेशन पर दिए बयान से एक बार फिर से यह सर्टिफिकेट सुर्खियों में आ गया है। दरअसल, योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हलाल उत्पाद की खरीद से मिलने वाले रुपये से धर्मांतरण, लव जिहाद और आतंकवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है। यूपी सरकार ने प्रदेश में हलाल सर्टिफिकेशन को प्रतिबंधित किया हुआ है। यूपी सरकार का आरोप है कि हलाल सर्टिफिकेट जारी करने वाली संस्थाएं ऐसे प्रोडक्ट्स पर भी हलाल सर्टिफिकेट दे रही हैं, जिनमें इसकी जरूरत नहीं है.

मुख्यमंत्री योगी ने दावा किया कि जांच से पता चला है कि हलाल सर्टिफिकेशन के नाम पर हर साल करीब 25000 करोड़ रुपये का ट्रांजेक्शन होता था, जबकि इसकी किसी सरकारी एजेंसी से कोई मान्यता नहीं थी। हलाल सर्टिफिकेशन को लेकर मचे इस बवाल के बीच सवाल यह है कि आखिर हलाल प्रोडक्ट्स और हलाल सर्टिफिकेशन क्या होता है, साथ ही भारत में हलाल सर्टिफिकेट कौन-सी कंपनी जारी करती है।

क्या होते हैं हलाल प्रोडक्ट्स- हलाल प्रोडक्ट से मतलब है कि ऐसी वस्तु जो इस्लामिक कानून या शरिया के अनुसार ग्रहण करने योग्य हो। खाद्य पदार्थों के अलावा, ब्यूटी प्रोडक्ट्स और दवा समेत कई प्रकार की वस्तुओं को हलाल उत्पाद के दायरे में रखा जाता है। उर्दू में हलाल का मतलब जायज होता है। आमतौर पर हलाल का इस्तेमाल मांस को लेकर किया जाता है।

हलाल सर्टिफिकेशन यह सुनिश्चित करता है कि उत्पाद इस्लामी सिद्धांतों के अनुरूप तैयार और प्रोसेस्ड किया गया है। वह वस्तु सूअर के मांस और शराब जैसे निषेध घटकों से मुक्त है, और ऐसी अशुद्ध वस्तुओं के संपर्क में नहीं आई है। ऐसे में सामानों के निर्माण से लेकर स्टोरेज तक के पूरे प्रोडक्शन प्रोसेस में इस्लामी सिद्धांतों के अनुसार साफ किए गए बर्तनों और उपकरणों का उपयोग किया जाना चाहिए।

## वजन बढ़ेगा, दाम नहीं! GST में कटौती के बाद कंपनियों ने बदला गेम, मार्केट में वापस लौटेंगे मैजिक प्राइस पैक




नई दिल्ली (एजेंसी)। जीएसटी दरों में कटौती के बाद अब FMCG कंपनियों ने ग्राहकों की परेशानी दूर करने का तरीका ढूंढ लिया है। अब आपको फिर से 2, रुपए 5-10 और 20 रुपए वाले मैजिक प्राइस पैक मिलने वाले हैं। बस फर्क इतना होगा कि कीमत नहीं घटेगी, बढ़ेगा-वजन। दरअसल, 22 सितंबर से जीएसटी कम होने के बाद कंपनियों को कीमतें घटानी पड़ी थीं, जिससे अजीब स्थिति बन गई थी।

5 रुपए का पैक 4.45 रुपए, 1 की टॉफी 88 पैसे की और 2 रुपए का शैंपू 1.77 रुपए में मिलने लगा था। दुकानदारों को छुट्टे रुपए देना मुश्किल हो गया था। उपभोक्ताओं को भी असुविधा होने लगी थी।हालांकि, अब सरकार की नई मंजूरी के बाद कंपनियां पैक का वजन 6-12त्न तक बढ़ाकर ही जीएसटी का फायदा ग्राहकों तक पहुंचाएंगी।

12 फीसदी तक बढ़ेगा पारले बिस्किट की वजन- सरकार ने यह साफ कर दिया है कि कंपनियां चाहें तो कीमत घटाने की बजाय वजन बढ़ाकर जीएसटी का फायदा दे सकती हैं। इसके बाद स्नस्ष्टत्र कंपनियों ने फिर से लोकप्रिय प्राइस पॉइंट्स पर नए पैक बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। पारले प्रोडक्स्ट के वाइस प्रेसिडेंट मयंक शाह ने कहा कि, अगले कुछ दिनों में कंपनियां पुराने प्राइस पॉइंट्स पर नए पैक बाजार में उतारेंगी, जिनका वजन बढ़ा होगा। स्नैक्स इंडस्ट्री में तो इसका उत्पादन शुरू भी हो गया है। बिस्किट पैक का वजन 11-12% तक बढ़ाया जा रहा है।

# ट्रंप के एक्शन का भारत में दिखा रिएक्शन, मुकेश अंबानी की रिलायंस को बड़ा झटका



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी की दो सबसे बड़ी तेल उत्पादक कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध की घोषणा की। ट्रंप के इस एक्शन का असर भारत में भी दिखा है। भारती की प्राइवेट कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज रूसी तेल कंपनी रोसनेफ्ट से तेल आयात करना बंद करना पड़ सकता है। रिलायंस इंडस्ट्रीज, रूसी तेल कंपनी रोसनेफ्ट से प्रतिदिन लगभग 500,000 बैरल कच्चा तेल खरीदने के अपने दीर्घकालिक समझौते के तहत तेल आयात करना बंद कर देगी। अमेरिका द्वारा इस तेल उत्पादक कंपनी पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद, इस मामले की प्रत्यक्ष जानकारी रखने वाले दो सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इसका असर रिलायंस के शेयरों पर भी दिखा। इस खबर को लिखते वक्त रिलायंस के शेयर हृस्श्व पर 1.17त्न फीसदी गिरकर 1,448 रुपये के स्तर पर बंद हुए।

रूसी कच्चे तेल की सबसे बड़ी भारतीय खरीदार रिलायंस, अपने दुनिया के सबसे बड़े रिफाइनिंग कॉम्प्लेक्स के लिए भी हाजिर बाजार से रूसी तेल खरीदती है। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार दो रूसी तेल कंपनियों के खिलाफ संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रतिबंध से रिलायंस इंडस्ट्रीज के रूस से कच्चे तेल के आयात पर असर पड़ने की संभावना है, हालांकि सरकारी रिफाइनरी अभी मध्यस्थ व्यापारियों के माध्यम से खरीद जारी रख सकते हैं।

रिलायंस और रूस की कंपनी रोसनेफ्ट के बीच हुआ था समझौता- रिलायंस ने दिसंबर 2024 में रूस की कंपनी रोसनेफ्ट (जो अब प्रतिबंधित है) के साथ 25 वर्षों तक प्रतिदिन 5,00,000 बैरल रूसी तेल आयात करने के लिए एक सावधिक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, यह बिचौलियों से भी तेल खरीदता है। रोजनेफ्ट और लुकोइल मिलकर प्रतिदिन लगभग 31 लाख बैरल तेल का निर्यात करते हैं, जिसमें अकेले रोजनेफ्ट वैश्विक तेल उत्पादन का 6% और रूस के उत्पादन का लगभग आधा हिस्सा है। रिपोर्ट के अनुसार, उद्योग के सूत्रों ने संकेत दिया कि सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयां अनुपालन जोखिमों का आकलन कर रही हैं, लेकिन रूसी कच्चे तेल के प्रवाह को तुरंत रोकने की संभावना नहीं है। यह ऐसे समय में आया है जब अमेरिका ने यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के लिए शांति प्रक्रिया के लिए मास्को की गंभीर प्रतिबद्धता की कमी के लिए रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों, रोसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध लगा दिया है।

## इन तीन कारणों से तेजी से गिरे सोना-चांदी के दाम, दो दिन गिरावट के बाद आई तेजी



नई दिल्ली (एजेंसी)। दीवाली जाते ही सोने-चांदी में भारी गिरावट आई। जहां अंतराष्ट्रीय बाजार में 12 साल की रिकॉर्ड कमी आई, तो वहीं घरेलू बाजार तेज गिरावट दर्ज हुई। यह गिरावट 21 अक्टूबर को वैश्विक बाजार में बिकवाली और दिवाली-धनतेरस के बाद खरीदारी कम होने के कारण आई। दिसंबर 25 एक्सपायरी वाले गोल्ड फ्यूचर्स में 2% से अधिक की गिरावट आई और यह दिन के दौरान 4,021.91 डॉलर तक पहुंच गया।

सिल्वर फ्यूचर्स में भी करीब 2% की गिरावट हुई और यह 46.82 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। हालांकि, गुरुवार यानी 23 अक्टूबर को गोल्ड और सिल्वर फ्यूचर्स थोड़े सुधर कर 4,102 डॉलर और 47 डॉलर के ऊपर ट्रेड कर रहे थे। वहीं, घरेलू बाजार में 22 अक्टूबर को आई गिरावट के बाद 23 अक्टूबर को बाजार संभला और सोना-चांदी में फिर तेजी देखने को मिली। लेकिन सवाल यह है कि आखिर त्योहारी सीजन खत्म होते ही सोना-चांदी के भाव इतनी तेजी से क्यों गिरे?

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# केले की एमएसपी और फसल बीमा का लाभ दिलाने की मांग को लेकर बुरहानपुर में किसानों का प्रदर्शन



बुरहानपुर। बुरहानपुर जिले गुरुवार दोपहर खकनार क्षेत्र के किसानों ने बड़ी ट्रैक्टर रैली निकालीद्य जिसके कारण इंदौर इच्छापुर हाईवे एक घंटे से ज्यादा समय तक जाम रहा। हाईवे से गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। किसान सरकार से केले का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने और मौसम आधारित फसल बीमा का लाभ दिलाने की मांग कर रहे हैं।

इसे लेकर बीते तीन दिन से विरोध प्रदर्शन चल रहा है। खकनार क्षेत्र के केला उत्पादक किसान किशोर वासनकर ने सबसे पहले शरीर के ऊपरी हिस्से के वस्त्र और चप्पलों का त्याग किया था। उन्होंने संकल्प लिया है कि जब तक यह मांगे पूरी नहीं होती वे वस्त्र और चप्पल नहीं पहनेंगे। इसके बाद से क्षेत्र के किसान एकजुट हुए और सरकार के खिलाफ हल्ला बोल ट्रैक्टर रैली निकाली है। दोपहर बाद यह रैली सिंधी बस्ती होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचेगी।

# भिंड जिले के गांव में मगरमच्छ घुसने से मची अफरा-तफरी, पकड़ने में लग गए 40 मिनट



भिंड। भिंड जिले के अटेर क्षेत्र के ग्राम खिपौना में बुधवार-गुरुवार की रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब करीब रात 1ः50 बजे एक मगरमच्छ गांव की बस्ती में घुस आया। अचानक एक घर के पास मगरमच्छ को देखकर ग्रामीणों में दहशत फैल गई और लोग घरों से बाहर निकल आए। ग्रामीण रामलखन सिंह परिहार ने बताया कि रात करीब 1ः50 बजे कुत्तों के भौंकने की आवाजें आ रही थीं। जब बाहर निकले तो देखा कि एक बड़ा मगरमच्छ खपरैल के पास बैठा दिखा।

ग्रामीणों ने तत्काल 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर 112 वाहन मौके पर पहुंचा और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अटेर थाना प्रभारी रामनरेश यादव को सूचित किया गया। थाना प्रभारी ने वन विभाग को जानकारी दी और टीम को तत्काल मौके पर रवाना किया गया। 40 मिनट के प्रयास के बाद पकड़ा गया मगरमच्छ करीब रात 2 बजे वन विभाग की टीम अटेर से घटनास्थल पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। टीम में डिप्टी रेंजर बालवीर चौरसिया, जयकरण सिंह परिहार, जग्गू परिहार और भगीरथ शामिल थे। टीम ने लगभग 40 मिनट की मशक्कत के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ लिया।

करीब 3ः30 बजे मगरमच्छ को सुरक्षित रूप से चंबल नदी में छोड़ा गया। गांव में मगरमच्छ के घुसने की यह पहली घटना बताई जा रही है। वन विभाग के अनुसार, नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण मगरमच्छ गलती से बस्ती की ओर भटक आया होगा।

# हरी सब्जियों के बढ़े दाम, मंडी में नई सब्जियों की आवक कमजोर



ग्वालियर। गोवर्धन पूजन के साथ ही अन्नकूट के आयोजनों का सिलसिला शुरू हो जाएगा। पंचांग के अनुसार गोवर्धन पूजन बुधवार को गोधुलि बेला में होगा। फालका बाजार स्थित श्रीराम मंदिर व विष्णु मंदिर में मंगलवार की शाम को अन्नकूट को भोग लगा और अन्नकूट प्रसाद का वितरण हुआ। अन्नकूट (रामभाजा) की सब्जी से 30 के अधिक सब्जियों का मिश्रण किया जाता है।


ऐसे में अन्नकूट के कारण हरी सब्जियों के दामों पर इसका असर पड़ा है। ग्राहकों की सुविधा के लिए एक साथ सभी अन्नकूट की सब्जियों का मिश्रण 100 से 120 रुपये के प्रति किलो के भाव से मंगलवार को उपलब्ध थीं। इन सब्जियों के दाम कुछ और बढ़ने की आशंका है। फिलहाल नई सब्जियों की मंडी में आवक भी कमजोर है। मैथी दो दिन पहले 50 रुपये किलो पर आ गई थी, जो अब फिर 80 रुपये पर पहुंच गई है।

पालक की भी आवक बढ़ने से उसके दाम गिरे हैं। धनिया के दाम जरूर पिछले एक महीने से मंडी में 200 रुपये के आसपास हैं। बैंगन के दाम भी आवक के अनुसार घटते-बढ़ते रहते हैं। नया लाल आंख का आलू 250 से 300 रुपये किलो सोमवार को, वहीं बिका मटर भी 350 रुपये किलो के आसपास थी। 15 दिन में सामान्य स्तर हो जाएंगे सब्जियों के भाव सब्जी विक्रेता हरकृष्ण कुशवाह का कहना है कि सब्जियों का अभी संधिकाल है।

यह हैं सब्जियों के भाव, फूल गोभी बिक रही 80 से 90 रुपये प्रतिकिलो, बथुआ और चने की भाजी 140 रुपये किलो हुई15 दिन बात हरी सब्जियों के दाम सामान्य स्तर पर आएंगे

ग्रीष्म ऋतु की सब्जियों का विदाई का समय होने के कारण कम आवक है और शरद ऋतु की सब्जियां मंडी में अभी आना शुरू हुई हैं। इसलिए सब्जियों के भाव कुछ अधिक हैं। अन्नकूट पर नई सब्जियों के मांग कुछ अधिक होने के कारण दाम मंडी में आवक के अनुसार ऊपर नीचे होते रहते हैं। सब्जियों के भाव मंडी में आवक के अनुसार सुबह हर घंटे में घट-बढ़ जाते हैं। लगभग 15 दिन बाद हरी सब्जियों के दाम सामान्य स्तर पर आ जाएंगे।

# सड़क पर तीन लोगों को कुचलने वाला - चालक गिरफ्तार, दोस्त ने दी थी कार



भोपाल। ईंटखेड़ी क्षेत्र के अरवलिया में सड़क पर तीन लोगों को कुचलने वाले एसयूवी चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित घटना के बाद ग्वालियर भाग गया था। पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा और बुधवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। आरोपित को कार देने वाले उसके दोस्त से भी पुलिस पूछताछ करेगी।

उधर, सड़क हादसे में घायल युवक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। थाना प्रभारी आशीष सप्रे के अनुसार 23 वर्षीय निशांत परिहार ग्राम अरवलिया, ईंटखेडी में रहता है। वह इलेक्ट्रिक दुकान में काम करता है। साथ ही आटो डील का काम भी करता है। बाइक चालक गनी खान और मुख्तार खान की मौत पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह सोमवार रात को अपने दोस्तों के साथ इंदौर हाईवे पर घूमने गया था। वहां से लौटने के दौरान वह एसयूवी की स्पीड चैक कर रहा था। तभी अचानक उसका नियंत्रण खो दिया और कार ने अरवलिया में पहले बाइक को टक्कर मारी और उसे घसीटते हुए सड़क किनारे खड़े लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक गनी खान और मुख्तार खान की मौत हो गई।

वहीं घायल पप्पू उर्फ शेर सिंह ठाकुर का इलाज चल रहा है। टीआइ सप्रे ने बताया कि आरोपित घटना के बाद ग्वालियर भाग गया था। पुलिस ने घेरकर उसे पकड़ा। साथ ही बुधवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। जांच में सामने आया है कि आरोपित ने अपने दोस्त दीपक साहू नामक व्यक्ति से कार ली थी। उसकी जांच की जा रही है।

# डिजिटल स्ट्राइक की धमकी, फिर कंटेट चोरी का आरोप लगाकर हड़पे 50 लाख




जबलपुर। शहर के एक इंटरनेट इन्फ्लूएंसर को उसके सोशल मीडिया अकाउंट पर डिजिटल स्ट्राइक की धमकी देते हुए कंटेंट चोरी का आरोप लगाकर साइबर ठग ने 50 लाख रुपये हड़प लिए। उसके बाद भी आरोपित उसे धमका रहे थे। सोशल मीडिया अकाउंट बंद करने का बोल-बोलकर ब्लैकमेल कर रहे थे, तब इन्फ्लूएंसर ने साइबर सेल में मामले की शिकायत की। पुलिस के अनुसार सॉफ्टवेयर इंजीनियर अजीम अहमद ने वर्ष 2017 में सोशल मीडिया पर अपना एक पेज बनाया।

**कई नामी ई-कामर्स एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियां है उपभोक्ता**-कोरोना लॉकडाउन से वर्ष 2021 तक उनके पेज के फॉलोअरों की संख्या अधिक हो गई। इसके बाद उसने सोशल मीडिया पर स्कूल-डे नाम से 96 से अधिक अकाउंट बनाए। इनका उपयोग कुछ समय बाद अजीम प्रमोशन और अपनी कमाई के लिए करने लगे। दोस्तों के साथ मिलकर एक डिजिटल विज्ञापन एवं प्रमोशन कंपनी बना ली, फिर अपने सोशल मीडिया अकाउंट से कंपनियों एवं उत्पादों के प्रमोशन और विज्ञापन करने लगे। कई नामी ई-कामर्स एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियां उनकी उपभोक्ता हैं। ईमेल पर मिली धमकी को किया अनदेखा

अजीम के सोशल मीडिया अकाउंट पर कंपनियों के विज्ञापन बढ़ने बाद मार्च में उनके पास एक ईमेल आया। जिसमें उन पर कंपनी एवं उत्पादों के प्रमोशन में कंटेंट चुराने का आरोप लगाया गया। चेतावनी दी गई कि उनका सोशल मीडिया अकाउंट बंद कर दिया जाएगा। जिसे अजीम ने अनदेखा कर दिया और अपना काम जारी रखा। कुछ दिनों बाद उनके अकाउंट पर डिजिटल स्ट्राइक हुई। दो लाख फॉलोअर घट गए। संबंधित सोशल मीडिया अकाउंट भी बंद हो गया।

दोबारा अकाउंट बनाने में लगे 15 लाख रुपये

सोशल मीडिया पर अचानक फॉलोअप की संख्या गिरने से अजीम परेशान हुए। उन्होंने मामले में संबंधित सोशल मीडिया कंपनी से ईमेल पर संपर्क किया। बातचीत के बाद अकाउंट को दोबारा शुरू कराया। इस प्रक्रिया में उनके 10 से 15 लाख रुपये खर्च हो गए। इसके बाद साइबर ठग के अजीम के पास लगातार फोन आते रहे। फोन करने वाले स्वयं को पुणे में होना और मध्यस्थ बताया। रुपये नहीं देने पर अकाउंट पर स्ट्राइक की धमकी देकर अलग-अलग किस्त में 50 लाख रुपये ऐंठ लिए। उसके बाद फिर तीन अकाउंट बंद करने की धमकी देकर रुपये मांगने लगा। यह फोन तभी आया जब वह साइबर सेल में शिकायत कर रहे थे।




# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया गोवर्धन पूजन



इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि समाज और सरकार के सहयोग से प्रदेश की गौ-शालाओं को गौ-मंदिर के रूप में विकसित किया जायेगा। गौ-शालाओं में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेगी। गौ-शालाओं के विकास और उनके स्वावलंबन के लिये हर संभव मदद दी जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को भी प्रोत्साहित किया जायेगा। प्राकृतिक रूप से तैयार उपज पर किसानों को समर्थन मूल्य के साथ ही अतिरिक्त राशि भी प्रदान की जायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि प्रदेश में गौ-शालाओं का संचालन नगरीय निकायों द्वारा सुव्यवस्थित रूप से किया जायेगा। प्रदेश में खुले में विचरण करने वाली निराश्रित गायों को पिंजरे में नहीं बल्कि गौ-शालाओं में सुरक्षित रूप से रखने के प्रबंध कर उनकी बेहतर देखभाल की जायेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को इंदौर जिले के हातोद तहसील के खजूरिया में नगर निगम इंदौर द्वारा स्थापित रेशम केन्द्र गौशाला में आयोजित गोवर्धन पूजा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मंय सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गोवर्धन पूजन किया। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, सांसद द्वय श्री शंकर लालवानी और सुश्री कविता पाटीदार, विधायक श्री मधु वर्मा, श्री रमेश मेंदोला, श्री गोलू शुक्ला, अनुसूचित जाति एवं वित्त विकास निगम के अध्यक्ष श्री सावन सोनकर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना सतीश मालवीय, श्री चिंटू वर्मा, श्री श्रवण चावड़ा, श्री सुमित मिश्र, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, आईजी श्री अनुराग, पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री दिलीप कुमार यादव, स्वामी अच्युतानंद जी महाराज, डॉ. वीरेन्द्र जैन, नगर निगम इंदौर के एमआईसी मेम्बर, पार्षदगण आदि मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गाय का दूध अमृत है। उसमें सबसे अधिक पोषक तत्व होते है। गाय के दूध के सेवन से बीमारियां दूर होती है और व्यक्ति स्वयं को स्वस्थ और आनंदित पाता है। गौ-माता दोहरा पोषण करती है। वह अपने बछड़े के पालन के साथ-साथ मानव जाति का भी पोषण करती है। हर युग में हर आश्रम में गौ-माता पाली जाती थी और जगह-जगह गौ-पालन होता था। परम्परागत रूप से घरों में पहली रोटी गाय के लिये बनाई जाती है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गोवर्धन पर्वत को आकर्षक स्वरूप देने वाली बालिका महक को किया सम्मानित- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम स्थल पर निर्मित किये गए गोवर्धन पर्वत की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने गोवर्धन पर्वत की साज-सज्जा कर आकर्षक स्वरूप देने वाली बालिका महक शर्मा को सम्मानित किया। सम्मान स्वरूप उसे 5 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि दी। साथ ही उन्होंने बालिका को 11 हजार रुपये देने की घोषणा भी की।

गौ-शाला के अखाड़े का किया अवलोकन- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौ-शाला में बने अखाड़े का अवलोकन किया। उन्होंने अखाड़े में कुश्ती देखी और पहलवानों का हौसला बढ़ाया और उनके साथ संवाद किया। साथ ही सामूहिक फोटो भी खिंचवायी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अखाड़ों से हमारे पहलवान कृष्ण और बलराम जैसे बनेंगे। आधुनिक दौर में मेट पर कुश्तियां भी हो रही हैं, इस अखाड़े में भी मेट की व्यवस्था की जायेगी।

नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि गौ-शालाओं के विकास के लिये सभी जनप्रतिनिधि भी आर्थिक सहयोग दें। उन्होंने कहा कि गौ-माता में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है। गौ-माता की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। हम अपने बच्चों का जन्मदिन केक काटने की बजाय गौ-शाआओं की सेवा करके मनायें। गौ-पालक गाय के बछड़े को बेचने की बजाय उसे गौ-शाला में दें। उन्होंने कहा कि गोबर और गोमूत्र से गौ-शालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम किये जाने की जरूरत है।

## कहां गई 10 मेंबरी कमेटी? सराफा चौपाटी विवाद पर एक महीने बाद भी ढाक के तीन पात

इंदौर। इंदौर की प्रसिद्ध सराफा चौपाटी को लेकर व्यापारी एसोसिएशन और प्रशासन के बीच का विवाद फिलहाल सुलझता नहीं दिख रहा है। सराफा व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष हुकुम सोनी ने इस मुद्दे को लेकर एक बार फिर महापौर पुष्यमित्र भार्गव से मुलाकात की और व्यापारियों को हो रही समस्याओं पर ध्यान देने का आग्रह किया। हालांकि, इस बार भी महापौर ने दिवाली त्योहार खत्म होने के बाद बैठकर चर्चा करने का आश्वासन दिया है।

उल्लेखनीय है कि सराफा चौपाटी को लेकर व्यापारियों का विरोध लगभग एक महीने से जारी है। एक माह पूर्व व्यापारियों ने चौपाटी हटाने की मांग को लेकर बड़ा आंदोलन भी किया था और स्पष्ट कर दिया था कि वे किसी भी कीमत पर चौपाटी नहीं लगने देंगे। बाद में, महापौर के साथ हुई चर्चा में एक फॉर्मूले पर सहमति बनी थी। विवाद के समाधान के लिए 10 सदस्यीय कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया था, जिसके अध्यक्ष स्वयं महापौर हैं और इसमें पुलिस व प्रशासन के भी प्रतिनिधि शामिल हैं। कमेटी का गठन तो हो गया, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया जा सका है।

# ठंड और प्रदूषण से इंदौर में वायरल विस्फोट



इंदौर। शहर में मौसम के लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव का सीधा असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। सर्दी, जुकाम और बुखार जैसी मौसमी बीमारियों ने लोगों को घेर लिया है। तबीयत बिगड़ने पर लोग सीधे अस्पतालों का रुख कर रहे हैं, जिसके चलते अस्पतालों की ओपीडी में लगभग डेढ़ गुना की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस सप्ताह एमवायएच, जिला अस्पताल और निजी अस्पतालों में पहुंचने वाले मरीजों में वायरल का प्रकोप स्पष्ट दिखा, जिससे बुखार के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। कई मरीजों को भर्ती करने की नौबत भी आ रही है।

प्रदूषण और ठंड ने बढ़ाई मुश्किलें- अक्टूबर की शुरुआत से ही तापमान में हो रहे बदलाव को चिकित्सक बीमारियों का कारण बता रहे थे, लेकिन दीपावली के त्योहार के बीच यह स्थिति और गंभीर हो गई। पहले से ही मच्छर जनित बीमारियां बढ़ रही थीं, अब सर्दी के कारण जुकाम और शरीर में जकड़न के मरीज बढ़ गए हैं। इसके साथ ही, प्रदूषण के कणों के हवा में मिलने से बीमारियों का ग्राफ और ऊपर चढ़ गया है। जिला अस्पताल समेत अन्य सरकारी अस्पतालों और निजी क्लीनिकों पर मरीजों की भारी भीड़ देखी जा रही है।

डॉक्टरों की सलाह- गर्म पानी पिएं, ठंडी चीजों से परहेज करें- गुरुवार को भी इंदौर के जिला अस्पताल और एमवायएच में मरीजों की भारी भीड़ रही। पिछले कुछ दिनों से यहां पर ओपीडी एक हजार के पार पहुंच रही है। यह सामान्य दिनों की तुलना में डेढ़ गुना तक अधिक है। इनमें ज्यादातर मरीज सर्दी, जुकाम, बुखार और छाती में जकड़न की समस्या लेकर पहुंचे हैं। एमजीएम के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने कहा कि मौसम बदलने से बीमारियां बढ़ रही हैं। लोगों को अपने खान-पान में बदलाव करते हुए गर्म पानी पीने की आदत डालनी चाहिए और ठंडी सामग्री से परहेज करना चाहिए। सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी के मुताबिक, बदलते मौसम को देखते हुए मरीजों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जा रहा है और जरूरत पड़ने पर मरीजों को भर्ती भी किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर में गाय के गोबर से निर्मित स्वदेशी दीयों के प्रकल्प की सराहना की



इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गोवर्धन पूजन के अवसर पर हातोद के खजुरिया स्थित गोशाला के कार्यक्रम स्थल पर गोबर से स्वदेशी दीये बनाने के स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने इस नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि यह पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में सराहनीय कदम है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में चल रहे इस प्रकल्प की सराहना की। उल्लेखनीय है कि गाय के गोबर से बने स्वदेशी दीयों को दीपावली पर्व पर इंदौरवासियों का व्यापक समर्थन मिला। इस पहल के अंतर्गत लगभग दो लाख दीयों का विक्रय किया गया, जिससे स्थानीय स्वावलंबन को प्रोत्साहन मिला है।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मल्हारगंज में हुई घटना पर जताई संवेदना, परिजनों को दिलाया न्याय का भरोसा

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आज एयरपोर्ट पर मल्हारगंज थाना क्षेत्र में हाल ही में हुई घटना के मृतक अंकित राठौर के परिजनों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और न्याय दिलाने का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मामले की विस्तृत जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मृतक की पत्नी खुशबू राठौर को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा भी की।

## पेंट हाउस में आग लगी, उद्योगपति प्रवेश की दम घुटने से मौत; पत्नी और बेटियां अस्पताल में भर्ती




इंदौर। इंदौर के देवास नाका क्षेत्र में आज तड़के सुबह चार बजे एक पेंट हाउस में आग लगने से इंदौर के उद्योगपति प्रवेश अग्रवाल की दम घुटने से मौत हो गई। आग के समय वे अपने परिवार के साथ कमरे में सो रहे थे। कमरे में धुआँ भर जाने के कारण वे बाहर नहीं निकल पाए।

फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने प्रवेश को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। प्रवेश अग्रवाल ऑटोमोबाइल शोरूम के मालिक थे और जिले में उनके तीन से अधिक शोरूम हैं। पेंट हाउस महिंद्रा शोरूम के ऊपर स्थित था। इस हादसे में प्रवेश की पत्नी और बेटियां सौम्या व मायरा भी प्रभावित हुईं। तीनों को सांस लेने में परेशानी के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ताजा अपडेट के मुताबिक, पत्नी श्वेता की हालत गंभीर है। उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया है।

शोरूम में तैनात गार्ड ने बताया कि आग सबसे पहले किचन वाले हिस्से में लगी थी। आग शार्ट सर्किट या पटाखों की वजह से लगी, इसकी जांच की जा रही है। प्रवेश अग्रवाल राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में भी सक्रिय थे। उन्होंने नर्मदा सेना की स्थापना की थी। उनके निधन से शहर में शोक की लहर फैल गई है।

# इंदौर में पर्यावरण सुधार को लेकर हो रहे कार्यों की राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण ने की सराहना

इंदौर। इंदौर में पर्यावरण सुधार की दिशा में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के विशेषज्ञ सदस्य डॉ. अफरोज अहमद ने कहा कि देश में इंदौर की पर्यावरणीय स्थिति सराहनीय है। इसे और अधिक बेहतर बनाए रखने के लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता है।

डॉ. अहमद आज जिला स्तरीय पर्यावरण समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में इंदौर ने देशभर में उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिसे आगे और सुदृढ़ किया जा सकता है। बैठक में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, स्मार्ट सिटी के सीईओ श्री अर्थ जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में शहर में प्रदूषण नियंत्रण, हरियाली विस्तार, अपशिष्ट प्रबंधन और नदियों की स्वच्छता जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। डॉ. अहमद ने सभी विभागों से समन्वित प्रयासों के माध्यम से इंदौर को देश में पर्यावरण संरक्षण का अग्रणी शहर बनाए रखने का आह्वान किया। डॉ. अहमद ने कहा कि इंदौर जागरूक नागरिकों का शहर है। विकासात्मक गतिविधियों में नागरिकों की उल्लेखनीय भूमिका हमेशा से रही है। सभी के समन्वित प्रयासों से इंदौर को नम्बर वन बनाये रखा जाए। उन्होंने कहा कि इंदौर में यातायात प्रबंधन के लिए एसओपी जारी की जाए। जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। तालाबों का सीमांकन कराया जाए। रिक्त भूमि पर वृक्षारोपण किया जाए। यह ध्यान रखा जाए कि शहर में नयी बनने वाली कॉलोनियों में अनिवार्य रूप से 14 प्रतिशत हरित क्षेत्र डेवलप हो, इसकी नियमित मॉनिटरिंग भी करें। उन्होंने कहा कि प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक और अन्य इकाईयों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई हो। सड़कों की मरम्मत का कार्य जल्द पूरा किया जाए। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने पर्यावरण सुधार के लिए इंदौर जिले में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन ने ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता और जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# 24 घंटे में महेश पुजारी पर कार्रवाई नहीं हुई तो साधु-संत महाकाल में रमाएंगे धुनी

उज्जैन। महाकाल मंदिर में गर्भगृह में दर्शन के दौरान उज्जैन के ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर के महंत महावीर नाथ महाराज से विवाद करने वाले महाकाल मंदिर के पुजारी प्रतिनिधि महेश शर्मा पर 24 घंटे के भीतर कार्रवाई नहीं की गई तो सैकड़ों साधु-संत, महंत एवं महामंडलेश्वर महाकाल मंदिर में एकत्रित होकर धुनी रमाएंगे तथा शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराएंगे।

ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर के महंत महावीर नाथ ने कहा कि इस पूरे मामले को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी एवं राजस्थान के तिजारा से विधायक संत बालक नाथ जी महाराज ने भी उज्जैन स्थित नाथ संप्रदाय के मुख्य स्थल भर्तृहरि गुफा के गादीपति योगी पीर महंत रामनाथ जी महाराज से चर्चा कर



संज्ञान लिया है। उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम पर नाराजगी जताते हुए कहा कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई होना चाहिए। चूंकि महंत महावीर नाथ भी महाराज भी नाथ संप्रदाय से हैं, इसलिए संप्रदाय के शीर्ष संतों ने मप्र के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से भी जानकारी प्राप्त की है।

उज्जैन स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय जाकर भी संतों ने ज्ञापन सोपा नाथ संप्रदाय सहित शहर के कई साधु-संतों ने गुरुवार को उज्जैन में दशहरा मैदान के समीप स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में जाकर महाकाल के पुजारी प्रतिनिधि महेश शर्मा के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सोपा। ज्ञापन के माध्यम से संतों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि पुजारी प्रतिनिधि के द्वारा एक संत के प्रति इस तरह का अव्यवहार अशोभनीय है। संत समाज इसकी निंदा करता है तथा शर्मा पर सख्त कार्रवाई की मांग करता है।

नाथ संप्रदाय के संत पगड़ी नहीं पहनते, वस्त्र से जटा बांधते हैं ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर के महंत महावीर नाथ जी महाराज ने महाकाल मंदिर के गर्भगृह में पगड़ी पहनकर जाने पर प्रतिबंध होने या इस तरह का कोई नियम होने की बात पर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि नाथ संप्रदाय के संत-महंत पगड़ी पहनते ही नहीं है। उनकी तो बड़ी-बड़ी व लंबी जटाए होती है जिन्हें छोटे दुपट्टे से बांधा जाता है जो कि परंपरा का हिस्सा है।

# महावीरनाथ किसी भी पद पर या संत, महामंडलेश्वर नही, फिर भी गर्भगृह में प्रवेश कैसे?

## श्री महाकालेश्वर मंदिर पुजारीयान समिति का मुख्यमंत्री को ज्ञापन

उज्जैन। श्री महाकालेश्वर मंदिर में तथाकथित बाहरी व्यक्ति महावीरनाथ सेवक ऋणमुक्तेश्वर मंदिर द्वारा महाकाल मंदिर के गर्भगृह और नंदी हाल में नियमो, मर्यादा और मंदिर में आतंक, दादागिरी गाली गलौच करते हुए मंदिर के वरिष्ठ पुजारी को धक्का देकर मंदिर की छवि खराब की हैं। जिसको लेकर श्री महाकालेश्वर मंदिर पुजारीयान समिति द्वारा मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया गया कि तथाकथित व्यक्ति महावीरनाथ किसी भी पद पर या संत, महामंडलेश्वर नही, फिर भी गर्भगृह में प्रवेश कैसे कर रहा हैं इसकी जांच होनी चाहिए?

मंदिर समिति पुजारी और पुरोहितो के हितो कि रक्षा और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है, इसलिए निवेदन किया है कि बाहरी व्यक्ति महावीरनाथ पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाकर एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की हैं।

एक तथाकथित संत महावीरनाथ ने अपने साथ दो से तीन लोगो को लेकर महाकाल गर्भगृह में प्रवेश कर किया था। उस समय मंदिर के वरिष्ठ पुजारी महेश पुजारी और पुरोहित नीरज शर्मा गर्भगृह में थे उस समय दोनो मंदिर के नियमो और मर्यादा की बात कर रहे थे, तब नीरज शर्मा ने महावीरनाथ से सिर पर बंधा हुआ फेटा निकालने का निवेदन मंदिर के नियम और गर्भगृह की मर्यादा का हवाला देते हुए किया तो महावीरनाथ ने अभद्रता दादागिरी और गाली गलौच करना शुरू कर दिया। और ईर्ष्यावश महेश पुजारी के साथ भी गाली गलोच अभद्रता और धक्का मुक्की करते हुए धक्का भी दिया जिससे महेश पुजारी को गम्भीर चौट आई है विवाद की रिकार्डिंग मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में दर्ज है। इस महावीरनाथ का व्यवहार मंदिर में संतो के आचरण के विपरित आतंकवादियो के अनुरूप है, ऐसे लोग संत होने का नाजायज फायदा उठाते हुए मंदिर की मर्यादा को जानबुझकर तोडते है जिससे मंदिर समिति की बदनामी होती है जिस पर कार्यवाही किया जाना और रोकना अतिआवश्यक है।

## नगर के मालवी कवि आकाशवाणी से करेंगे काव्य पाठ



उज्जैन। नगर के ख्यात मालवी साहित्यकार और मालवी कवियों की रचनाओं का प्रसारण आकाशवाणी के इंदौर केंद्र से होगा।

यह प्रसारण आज 24 अक्टूबर को प्रातः 10:30 पर होगा जिसमें उज्जैन के मालवी कवियों के गीत और कविताएं आकाशवाणी से प्रसारित होंगी। जिन मालवी कवियों की रचनाएं प्रसारित होंगी उनमें मालवी के वरिष्ठ कवि डॉ. शिव चौरसिया, डॉ. राजेश रावल सुशील, विक्रम विवेक और सीमा देवेन्द्र अपने गीत एवं कविताओं का पाठ करेगें। कार्यक्रम आकाशवाणी के प्रसार भारती एप इन्दौर पर सुना जा सकेगा।

# मध्य प्रदेश पुलिस पेंशन का अन्नकूट एवं दीपावली मिलन समारोह 26 अक्टूबर को

उज्जैन। देवास रोड स्थित पुलिस सामुदायिक भवन में पुलिस पेंशनर संघ के द्वारा अन्नकूट एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। पुलिस पेंशनर संघ के अध्यक्ष प्रमोद सिंह भदौरिया एवं प्रांतीयमीडिया प्रभारी अखिलेश तिवारी ने जानकारी देते बताया कि दिनांक 26 अक्टूबर रविवार को पुलिस पेंशनर संघ अन्नकूट एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन करेगी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस पेंशनर संघ के प्रांतीय अध्यक्ष श्री एमपी सिंह परिहार एवं प्रांतीय कार्यकारिणी अध्यक्ष श्री एसपीएस चौहान और उज्जैन तथा इंदौर संभाग के सभी जिलों के जिला अध्यक्ष प्रांतीय संगठन के पदाधिकारी गन, उज्जैन जिले के सेवानिवृत्त सभी राजपत्रित अधिकारी उपस्थित होंगे।

# कलाम सर्वधर्म सोसाइटी ने चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया



उज्जैन। कलाम सर्वधर्म सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा बड़ी सब्जी मंडी स्थित कम्युनिटी हाल में चित्रकला प्रतियोगिता कक्षा पांचवीं से आठवी के विद्यार्थियों के बीच आयोजित की गई। संस्था के जिशान खान एवं भूरू अंसारी ने बताया कि प्रतियोगिता में यातायात एवं पर्यावरण विषय दिए गए थे जिसमें 140 छात्र छात्राओं ने भाग ले कर आकृषित चित्र बनाए जिसमें विजेता बच्चों को संस्था द्वारा प्रथम पुरस्कार तय्यबा मंसूरी ने साइकिल , द्वितीय पुरस्कार सय्यद तंज़िला अली ने स्टडी टेबल कुर्सी, तृतीय पुरस्कार सोहेल हुसैन ने ट्रॉली बैग हासिल किया एवं समस्त विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

प्रतियोगिता में निर्णायक की जिम्मेदारी शकील गुट्टी, इकबाल उस्मानी और हमीद गौहर ने निभाई। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष समीर खान ने अपने उद्बोधन कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए आप बिजली बचा सकते हैं, प्लास्टिक का कम उपयोग कर सकते हैं, और सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा, पेड़ लगाएं और उसकी देखभाल करें, कचरा सही जगह फेंके, और पानी का सदुपयोग करें। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में हाजी फहीम सिकंदर, समीर उल हक, मजहर राईन, हाजी इकबाल हुसैन, इरफान अंसारी,गुलरेज कुरैशी, खोजेमा भाई चांदावाला, जावेद खान उपस्थित थे।

इस मौके पर संस्था सदस्य लियाकत अली, तोहिद शेख, शारीफ कुरैशी, बंटी शाह,सैयद मोहसिन अली, आसिफ कुरैशी, डॉ शकील अंसारी, सद्दाम खान, तबस्सुम खान, नीलोफर खान, सोहेल खान, रेहान शफ़क, फारूक खान, नूरू अली उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन इरफान राईन ने किया आभार रिज़वान खान ने माना जानकारी फैजान खान ने दी।

## भाई दूज पर की भगवान चित्रगुप्त की महाआरती की गई



उज्जैन। अंकपात स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में यम द्वितीया के अवसर पर भगवान चित्रगुप्त का 5 पवित्र नदियों के जल से जलाभिषेक कर स्नान करवाया गया। नवीन वस्त्र धारण किये वहीं शाम को महाआरती की गई। मंदिर के समीन ही यम तलैया में दीपदान किया गया। मीडिया प्रभारी मंगेश श्रीवास्तव के अनुसार चित्रगुप्त मंदिर सामाजिक न्यास ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, भरत सक्सेना, ब्रजेश श्रीवास्तव, प्रबंध न्यासी दिनेश श्रीवास्तव द्वारा भगवान चित्रगुप्त की महाआरती की गई। इस दौरान गणेश गौड़, युधिष्ठिर कुलश्रेष्ठ, गोपालकृष्ण निगम, अनुभव प्रधान, सुमेध भटनागर, प्रवीण श्रीवास्तव, प्रो. विष्णु नारायण सक्सेना, दीपक सक्सेना, बाबूलाल श्रीवास्तव, ऋषभ श्रीवास्तव, गिरिजाशंकर श्रीवास्तव, सीए अनुभव प्रधान आदि।

# राठौर समाज का अन्नकूट एवं दीपावली मिलन महोत्सव 26 अक्टूबर को

उज्जैन । राठौर क्षत्रिय समाज ट्रस्ट द्वारा आयोजित भव्य अन्नकूट एवं दीपावली मिलन महोत्सव इस वर्ष 26 अक्टूबर, रविवार को श्री मदनमोहन वाटिका, सदावल रोड पर अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 8:00 बजे शोभायात्रा से होगा, जो शिप्रा नदी छोटी पुलिया से प्रारंभ होकर भक्ति गीतों, ढोल-ढमाकों और जयघोषों के बीच मदनमोहन वाटिका पहुँचेगी। तत्पश्चात सुबह 10:00 बजे से महाआरती की बोली एवं अन्नकूट भोग अर्पण किया जाएगा। हजारों समाजबंधु पारंपरिक परिधानों में शामिल होकर आस्था, भक्ति और एकता का अद्भुत संगम प्रस्तुत करेंगे।



राठौर समाज नगरसभा उपाध्यक्ष गोपाल राठौर एवं संयोजक ट्रस्टी संजय राठौर ने बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि समाज की एकता, सहयोग और संस्कृति का उत्सव है। दीपावली मिलन समारोह में समाजबंधु आपसी सौहार्द, संवाद और सम्मान का संदेश साझा करेंगे। आयोजन के समापन पर समाजसेवियों एवं सहयोगी परिवारों का सम्मान समारोह भी आयोजित होगा। आयोजन की तैयारियों हेतु मार्गदर्शक तेजकुमार राठौर, संरक्षक शिवनारायण राठौर, अध्यक्ष पुरुषोत्तम राठौर, सचिव धर्मेन्द्र मगरवा, कोषाध्यक्ष मदनलाल राठौर, आशीष राठौर, छगनलाल राठौर, युवा अध्यक्ष जितेन्द्र राठौर, अर्जुन परिहार, अशोक राठौर, दीपक राठौर सहित सभी पदाधिकारीगण व्यवस्था में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। ट्रस्ट ने सभी समाजबंधुओं से सपरिवार उपस्थित होकर इस पावन आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com